



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

UTTAR PRADESH POLICE RADIO

जनवरी–2020

अन्दर के पृष्ठों पर.......

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सन्देश



वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्य क्षेत्र की विभिन्न चुनौतियों के दौरान असीम निष्ठा, लगन, समर्पण एवं उत्कृष्ट कोटि की व्यवसायिकता दक्षता प्रदर्शित की है। परिणामस्वरुप उत्तर प्रदेश पुलिस सफलता के नये प्रतिमान स्थापित करने में सफल रही। इस हेतु मैं सभी की सराहना करते हुए बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

कुम्भ मेला–2019, प्रयागराज, प्रवासी भारतीय सम्मेलन, वाराणसी, लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019, मा. सर्वोच्च न्यायालय के अयोध्या प्रकरण में निर्णय, नागरिकता संधोशन अधिनियम एवं विदेशी विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण जैसी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील चुनौतियों के दौरान प्रदर्शित सूझ–बूझ एवं व्यवसायिक दक्षता हेतु प्रदेश पुलिस की देश/विदेश में प्रशंसा हुई है।

वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स कॉंग्रेस एवं 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिताएँ भी अद्वितीय रुप से सम्पन्न करायी हैं। संगठनात्मक विकास क्रम में प्रदेश पुलिस को राज्य आपदा मोचन बल, सुल्तानपुर व जालौन में दो पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, एवं पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के भवन प्राप्त हुए हैं।

वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा', ट्विटर हैण्डिल @UPPolNRI, ई–मेल uppolicenri@gmail.com, NRI सेल का गठन, NRI विभाग के साथ सामंजस्य व IGRS पोर्टल की व्यवस्था, डिज़िटल वालेण्टियर, यूपी 100/112, यूपी 100 का रेलवे पुलिस, अग्निशमन सेवा एवं एम्बुलेंस सेवाओं से एकीकरण, वीमेन पावर लाइन 1090, त्रिनेत्र एप, यूपी कॉप एप, जनसमस्याओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, कम्प्लेंट मानीटरिंग सिस्टम, मोबाइल पासपोर्ट पुलिस एप, ई–एफआईआर सहित 27 सेवाओं की जनसुविधा, सीसीटीएनएस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण, कम्प्यूटर फॉरेंसिक इकाई, एन्टी रोमियो स्क्वॉड, बाढ़ राहत, साइबर बुलिंग जागरुकता कार्यक्रम, किशोर न्याय अधिनियम–2015 व बच्चों से सम्बन्धित प्रकरणों पर कार्यशाला, सेफ इण्टरनेट प्रैक्टिसेज़ के प्रति जागरुकता, स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना, यातायात व्यवस्था सुधार व सघन पैरवी द्वारा अपराधियों को सजा कराने जैसी त्वरित कार्यवाहियों से जनता के मध्य पुलिस की छवि उल्लेखनीय रुप से सुधरी है। केरल बाढ़ प्रभावितों को स्वैच्छिक वेतन दान से एकत्र रु. 11 करोड़ मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट व व्यापक वृक्षारोपण भी किया है।

BITS, Pilani, एवं IIT, Kanpur से सहयोग, ISRO, IIT, Kanpur व डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के साथ एम.ओ.यू., सीसीटीएनएस से E-Court, E-Prison एवं E-Prosecution का लिंक, BPR&D और ISRO के साथ Predictive Policing, Data Analysis, Scientific Investigation & IT पर समझौते, वर्चुअल क्लास रूम द्वारा LMS & Digital Content, पुलिस बजट मॉनीटरिंग सिस्टम, BPR&D द्वारा Skill Development पर कार्यशाला, पुलिस रेडियो मेल, इत्यादि तकनीकी कार्यक्रम पुलिस दक्षता में मील के पत्थर साबित हो रहे हैं।

प्रदेश पुलिस को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड 2018 एवं 2019, बिजनेस वर्ल्ड अवार्ड, पुलिस एक्सीलेन्स अवार्ड, यूपी–100/112 को जियो स्मार्ट इण्डिया–2019 अवार्ड व इण्टरनेशनल कॉल सेण्टर अवार्ड (विश्व में तृतीय स्थान), पुलिस संचार के क्षेत्र में प्रयोगों हेतु प्रशंसा चिन्ह, CCTNS-Good Practices Award, पी.टी.सी., मुरादाबाद एवं पी.टी.एस., मेरठ को यूनियन होम मिनिस्टर्स ट्रॉफी, Union Home Minister's Medal for Excellence in Investigation 2018, Union Home Minister's Medal for Excellence in Training 2017-18 तथा पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार का प्रशंसा पत्र, उ.प्र. गौरव सम्मान, शौर्य सम्मान चिन्ह, Financial Inclusion & Literacy Leadership Award-2019 व Transformation Leadership Award-2019 जैसे अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/प्रतिष्ठित पुरस्कार/सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। पुलिसजन में नये उत्साह के संचार हेतु नये 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' व 'उत्कृष्ट सेवा पदक' स्वीकृत कराने, समय से कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान करने, 75 जनपदों में 'Cop of the month' योजना, कल्याण हेतु 85 सब्सिडियरी पुलिस कैण्टीन्स प्रारम्भ करने, सी.जी.एच.एस. दरों पर चिकित्सा सुविधा, कोमा में गये कार्मिकों हेतु असाधारण पेंशन, जैसे कार्य भी प्राथमिकता पर पूर्ण किये गये हैं।

प्रदेश पुलिसजन की सेवा से आमजन पर हुए सकारात्मक परिणामों से स्वयं को संतुष्ट एवं गौरवान्वित महसूस कर मैं, नव वर्ष 2020 हेतु समस्त पुलिस परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के निरन्तर विकासोन्मुखी, प्रगतिशील, उज्जवल एवं सुखद भविष्य के लिए निरन्तर सर्वोत्तम योगदान हेतु आवाहन करता हूँ।

(उ

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0

## पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा रेडियो मुख्यालय का आकस्मिक भ्रमण एवं स्टाफ सम्मेलन

- दिनांक 03.12.2019 : श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने आकस्मिक भ्रमण किया व पुलिस उप–महानिरीक्षकगण से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सम्मेलन आहूत किया जिसमें सर्वप्रथम सभी से दैनिक कार्य सम्बन्धी एवं व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत कराने की अपेक्षा की। किसी कार्मिक ने कोई समस्या नहीं बतायी।

श्री सिंह ने सभी को ''सी.जी.एच.एस. स्कीम'' की दर पर उ0प्र0 पुलिस कार्मिकों को प्राइवेट चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, जनपदों में सब्सिडियरी पुलिस कैण्टीन खोले जाने, स्टाफ के कल्याण सम्बन्धी पुलिस द्वारा संचालित योजनाओं की जागरुकता की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक संख्या में पुलिस कल्याण उपायों का लाभ उठाने हेतु आवाहन किया।


श्री सिंह ने अपेक्षा की कि पुलिस रेडियो को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए तथा विभाग को इस प्रकार समुन्नत किया जाय कि विभागों में आपस में समुन्नत रहने हेतु प्रतिस्पर्धा का विकास हो।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने पुलिस रेडियो को अधिकतम सेवा दे चुके एवं विभाग में नये कार्मिकों से कार्य संस्कृति में बदलाव, विभाग के तकनीकी उन्नयन, जनसुविधाओं के विकास आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। महिलाओं से उनकी कठिनाईयों एवं विभाग द्वारा उनके हित संरक्षण के सम्बन्ध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। कर्मचारियों ने बेबाकी से नये संचार संसाधनों की उपलब्धता, वेतन एवं जन सुविधाओं में वृद्धि तथा गुणवत्ता, कार्यालयों के नवीनीकरण होने, महिलाओं की समस्यायें सुनने की व्यवस्था व उनके लिए रेस्ट रुम उपलब्ध होने, छोटे बच्चों के लिए क्रच की व्यवस्था मुख्यालय पर उपलब्ध होने से अवगत कराया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु आपस में मिलने–जुलने एवं कनिष्ठों को समझाकर उनका मार्गदर्शन करने, आर्गेनिक रिलेशन बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने कहा कि ''समय प्रबन्धन'' से कई कार्य कम समय में गुणवत्तापूर्वक किये जा सकते हैं। श्री सिंह ने बताया कि पूर्व में 'ज्ञान को शक्ति' के रुप में देखा जाता था, कालान्तर में 'सूचना को शक्ति के रुप में' तथा 'शक्ति को प्रभावशाली व्यक्तियों से नजदीकी के रुप में' देखा जाने लगा। परन्तु वर्तमान परिदृश्य में ''क्षमता एवं नये मौलिक विचार की शक्ति के रुप में'' पहचान हो रही है। कार्य करने की क्षमता स्वस्थ्य तन व मन से प्राप्त होती है। श्री सिंह ने मान्नीय प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं मान्नीय मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। श्री सिंह ने ''सर्वथा मदद करने'' तथा ''कार्य क्षमता में वृद्धि'' की अपेक्षा सभी से की।

श्री सिंह ने कनिष्ठों की बातों को गम्भीरता से समझने, उन्हें राहत देने तथा भली प्रकार से कार्य के प्रति प्रेरित करने की अपेक्षा की। श्री सिंह ने स्थानान्तरण सम्बन्धी अनुरोधों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं विभागीय हित में विचार करने की बात अधिकारियों से कही तथा कर्मचारियों को अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के साथ ही साथ विभाग हित एवं कर्तव्य पालन के दृष्टिगत तथा मुख्यालय से बाहर स्थानों पर जाने में कठिनाईयों का अनुभव न करने के लिए कहा।






## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण कार्यक्रम

- दिनांक 18.12.2019 : उत्तर प्रदेश संवर्ग (71 आरआर 2018 बैच) के 15 आई0पी0एस0 प्रशिक्षुओं को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर ने सभी प्रशिक्षुओं का मुख्यालय पर स्वागत किया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना तथा वर्तमान में स्थापित पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। तदोपरान्त वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो विभाग के प्रथम भारतीय मुखिया एवं 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया। श्री जोशी के कार्यकाल में नीलामी में क्रय कण्डम वायरलेस सेटों से विभाग के उपयोग हेतु सेट बनाये जाने की व्यवस्था से भी प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। श्री संजय कनौजिया, सहायक रेडियो अधिकारी ने प्रशिक्षुओं को रेडियो मेल/क्यू–मेल/संकेत कक्षों की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया व रेडियो मेल की तकनीकी भी स्पष्ट की।

श्री सिंह ने केन्द्रीय कर्मशाला में प्रशिक्षुओं को सीसीटीवी, कम्प्यूटर, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को कर्मशाला में मरम्मत कार्य को अत्यंत बारीकी से समझाते हुए उपकरणों को खोल कर उनके सर्किट, आई0सी0 इत्यादि महत्वपूर्ण स्पेयर्स की जानकारी भी दी गयी। श्री सिंह ने पुलिस रेडियो के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण द्वारा संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों की जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को आवृत्ति आवंटन, संचार उपकरणों की लाइसेंसिंग, स्पेक्ट्रम चार्जेज़, इत्यादि के सम्बन्ध में भी जानकारी के साथ पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0/वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग/डिज़ीटल तकनीकी के उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कराकर उनकी विशेषताओं के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षुओं ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों द्वारा रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया।





## कल्याणकारी कार्य

• निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 01.12.2019 | कानपुर नगर |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 25.12.2019 | लखनऊ |
| 14.12.2019 | कानपुर नगर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 27.12.2019 | वाराणसी |
| 15.12.2019 | मथुरा |
| 14.12.2019 | कानपुर नगर |
| 12.12.2019 | कानपुर नगर |
| 08.12.2019 | बाँदा |
| 07.12.2019 | कानपुर नगर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 07.12.2019 | कानपुर नगर |
| 05–04.12.2019 | वाराणसी |
| 01.12.2019 | कानपुर नगर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तराखण्ड | |
| 14.12.2019 | कानपुर नगर |
| मा0 राज्यपाल, राजस्थान | |
| 01.12.2019 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, आन्ध्र प्रदेश | |
| 03–04.12.2019 | वाराणसी |

• दिनांक 22.12.2019 : मुरादाबाद में आरओआईपी केन्द्र पर प्राप्त इवेंट नं0 1127 के अनुसार कॉलर के घर के पास के कब्रिस्तान से एक लाश निकाल कर उसका सिर काट कर ले जाने की सूचना प्राप्त होने पर, नेटवर्क बंद होने की स्थिति में ड्यूटीरत प्र0परि03526, सुवेन्द्र कुमार शर्मा, प्र0परि0याँ0 3630, भुवनेश कुमार व आरक्षी/2278, वीरपाल सिंह द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए पीआरवी 250 को फोन व आरटी द्वारा तत्काल व सर्वसम्बन्धित को घटनास्थल पर पहुँचने हेतु निर्देशित किया। परिणामस्वरुप शव के सिर को बरामद कराकर भीड़ को शान्त कर शव दफनाया गया।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 एवं अन्य मुख्यालयों के आदेश/निर्देश

• मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–सात–एस–15(08)/2019 दिनांक 09.12.2019 द्वारा दिल्ली पुलिस स्टैब्लिसमेण्ट एक्ट–1946 की धारा–6 के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम –2000 यथासंशोधित 2008 के अन्तर्गत आच्छादित अपराधों के सी0बी0आई0 द्वारा अन्वेषण हेतु राज्य सरकार की ओर से सहमति प्रदान करने हेतु अधिसूचना निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

• मुख्यालय 112, उ0प्र0 पुलिस के पत्र संख्याः सीए/एसपी(ए)112/2019/9970 दिनांक 04.12.2019 द्वारा 06 दिसम्बर की संवेदनशीलता के दृष्टिगत 112 मुख्यालय के समेकन कक्ष में दिनांक 05.12.2019 के पूर्वान्ह से 07.12.2019 के अपरान्ह तक आपातकालीन ऑपरेशनल केन्द्र (ई0ओ0सी0) क्रियान्वित रखे जाने तथा जिसमें 08 जोनों की फॉलोअप डेस्क, अभिसूचना विभाग, अग्निशमन सेवा, एस0डी0आर0एफ0, रेडियो शाखा के अधिकारी/कर्मचारी 24X7 उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

• उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याःकल्याण–23(चि0नि0)–2019 दिनांक 26.09.2019 द्वारा उ0प्र0 पुलिस कार्मिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सी.जी.एच.एस. दरों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश व ज्ञाप



• उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एचसी–मेमो–2019 दिनांक 30.12.2019 द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशानुसार दिनांक 31.12.2019 को पूर्वान्ह 1100 बजे मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मिलित कर सैनिक सम्मेलन किया गया एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के सन्देश को पढ़कर सुनाया गया।




## कल्याणकारी कार्य

• पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में दिसम्बर–2019 में 276 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

• दिनांक 24.12.2019: श्री एस0के0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने माघ मेला, प्रयागराज के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये।

• दिनांक 09.12.2019 : श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक/रेडियो उप निरीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिनांक 03.12.2019 को श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के रेडियो मुख्यालय भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशों, अपेक्षाओं एवं कार्मिकों के उत्साहवर्द्धन हेतु दिये गये सुझावों से सभी को अवगत कराया तथा दोनों ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



• दिनांक 09.12.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने मास्टर ट्रेड हैण्ड दल के 38 प्रशिक्षणार्थियों को उत्तर प्रदेश रेडियो मुख्यालय में स्थापित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हेतु आवश्यक उपकरण एवं उनके प्रयोग की विधि, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों की क्षमता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लाभ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान ध्यान देने वाली आवश्यक बातें, आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान कानपुर नगर से श्री राजेन्द्र कुमार, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कानपुर ज़ोन से ऑन लाइन वार्ता करके प्रायोगिक विधि भी समझायी गयी।



## वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धियाँ

• दिनांक 04.12.2019 से दिनांक 07.12.2019 तक जनपद मुरादाबाद में सम्पन्न 63वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक Scientific aids to Investigation, Police photography, Computer awareness, Anti-sabotage check, Dog squad and Videography Competition 2019 में उ0प्र0 पुलिस रेडियो ज़ोन टीम के पुलिस रेडियो कार्मिकों ने निम्न पदक अर्जित किये हैं–

| क्र0 | नाम प्रतिभागी | नियुक्ति | प्रतियोगिता | पदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्र0परि0, अजय सोनकर | रेडियो मुख्यालय | कम्प्यूटर | 02 कॉस्य |
| 2 | प्र0परि0, राजेश श्रीवास्तव | रेडियो मुख्यालय | कम्प्यूटर / वीडियोग्राफी | 01 रजत, 01 कॉस्य |
| 3 | प्र0परि0, विनीत कुमार शर्मा | अमरोहा | वीडियोग्राफी | 01 स्वर्ण, 01 रजत |



वीडियोग्राफी में रेडियो ज़ोन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजयन्ती जीती।

## विविध

- दिनांक 23.12.2019: उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर 8 वर्गों में विभागीय दक्षता प्रतियोगिताएँ श्री रवीन्द्र सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न करायी गयीं।
- दिनांक 02.12.2019: 38 प्रशिक्षणार्थियों का मास्टर ट्रेड हैण्ड कोर्स प्रारम्भ हुआ।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से दिसम्बर–2019 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 31 अधिकारियों / कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री प्रेम पाल सिंह, मथुरा, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुनीत कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अश्वनी कुमार शास्त्री, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पारस नाथ तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उमेश चन्द्र यादव, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जयराम मौर्य, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम शंकर यादव, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम वीर सिंह, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुरलीधर द्विवेदी, लखनऊ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री संजय कुमार त्रिपाठी, बरेली, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम चन्द्र पुरी, देवरिया, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गुप्तेश्वर सिंह, गाजीपुर, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरुण कुमार, मेरठ, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अक्षय दीप सक्सेना, मेरठ, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शेर बहादुर सिंह, कानपुर नगर, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रभाकर मुद्गल, बरेली, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम लाल सिंह, बलरामपुर, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, 48वीं वाहिनी पीएसी, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रत्नाकर शुक्ल, अयोध्या, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार, खीरी, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुख वीर सिंह, कासगंज, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम करन सिंह परिहार, बाँदा, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महेन्द्र पाल सिंह, इटावा, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बेचे लाल, एटा, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कुमार सिंह, द्वितीय वाहिनी पीएसी, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र शेखर पाण्डेय, गोरखपुर, 27. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रताप सिंह, फ़िरोजाबाद, 28. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार यादव, रायबरेली, 29. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सभा जीत यादव, आजमगढ़, 30. प्र0परि0 / 12, मोहम्मद गफ्फार अंसारी, अमरोहा एवं 31. स0परि0 / 3220, श्रीमती अवधेश कुमार वर्मा, मेरठ।







## अपर पुलिस महानिदेशक बरेली ज़ोन, बरेली का प्रशस्ति पत्र



अविनाश चन्द्र
भा0पु0से0

अपर पुलिस महानिदेशक,
बरेली ज़ोन, बरेली।
, 2019

प्रशस्ति-पत्र

मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

भवदीय,
( अविनाश चन्द्र )





## ख़बरों में



डीजीपी ने अधीनस्थों के साथ किया सम्मेलन

लखनऊ : डीजीपी ओपी सिंह ने मंगलवार को रेडियो मुख्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने डीआइजी से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सम्मेलन कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। डीजीपी ने पुलिसकर्मियों को सीजीएचएस स्कीम की दर पर निजी अस्पतालों में सुविधा व सब्सिडी कैंटीन का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया। डीजीपी ने कहा कि रेडियो मुख्यालय को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। (राब्यू)

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
KAPOORTHALA, LUCKNOW

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

प्रतियाँ – 300